**पद : अधिकारी-वित्त** **पद कोड : MII-FO-02**

**कुल पद :** 1 (एक)

**अवधि :** मेक इन इंडिया हेतु जैव प्रौद्योगिकी उद्योग सुविधा प्रकोष्ठ कार्यक्रम प्रबंधन इकाई (पीएमयू) की स्थापना बायोटेक्नॉलॉजी विभाग (डीबीटी) द्वारा बाइरैक में की गई है। यह पद पूर्णतः अस्थायी (अनुबंध के आधार पर) है और परियोजना की समाप्ति के साथ ही समाप्त हो जाएगा। परियोजना की वर्तमान अवधि मार्च 2026 तक है, जिसे आवश्यकता और संतोषजनक प्रदर्शन के आधार पर बढ़ाया जा सकता है।

**समेकित पारिश्रमिक :** योग्यता एवं अनुभव के आधार पर 60,000/- रु. से 2,10,000/- रु. प्रति माह।

**कार्य विवरण :** बायोटेक क्षेत्र के लिए राष्ट्रीय मिशन कार्यक्रम - मेक इन इंडिया (MII) का नेतृत्व DBT द्वारा किया जाता है तथा वर्ष 2015 से बाइरैक द्वारा समर्थित है। PMU नीति वकालत, डेटा अनुसंधान और विश्लेषण, हितधारकों के परामर्श और रणनीतिक इनपुट प्रदान करता है। यह बायोफाउंड्री/बायोमैन्युफैक्चरिंग पहल का समर्थन करता है। बायोटेक क्षेत्र हेतु PMU के तहत स्थापित यह परियोजना विकास प्रकोष्ठ, निवेश मंजूरी प्रकोष्ठ देश की जैव अर्थव्यवस्था और बायोटेक नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र के विकास के लिए इन्वेस्ट इंडिया और DBT के साथ मिलकर काम करेगा। चयनित अभ्यर्थी बाइरैक के वित्त एवं लेखा विभाग के साथ मिलकर काम करते हुए मेक इन इंडिया PMU की समग्र वित्त एवं लेखा आवश्यकताओं तथा निधि प्रवाह प्रबंधन का समर्थन करेंगे।

**रिपोर्टिंग** : चयनित अधिकारी मिशन निदेशक – एमआईआई को रिपोर्ट करेंगे।

| **मुख्य उत्तरदायित्व :** | **अनिवार्य योग्यता :** |
| --- | --- |
| • वित्तीय सहमति की प्रक्रिया, भुगतान जारी करना, प्राप्तियों की निगरानी, यूसी-एसओई की तैयारी सहित लेखांकन गतिविधियों की देखरेख करना।<br>• बजट तैयार करना, भिन्नता की समीक्षा करना एवं रिपोर्ट करना।<br>• निधि प्रवाह प्रबंधन।<br>• मासिक, त्रैमासिक, अर्धवार्षिक और वार्षिक समापन गतिविधियों का समन्वय करना।<br>• परियोजनाओं की वित्तीय सावधानी।<br>• अनुदान रजिस्टरों का रखरखाव एवं समीक्षा करना, पूर्ण परियोजनाओं का वित्तीय समापन।<br>• भागीदारों, बाइरैक के वित्त एवं खातों के साथ समन्वय करना।<br>• आवश्यकतानुसार सौंपा गया कोई अन्य कार्य। | किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से बी.कॉम के साथ एमबीए / पीजी डिप्लोमा।<br>**वांछनीय योग्यता :**<br>किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से CA/ICWA/M.Com.<br>सुदृढ़ लेखन एवं मौखिक संचार कौशल<br>**अनुभव :** निजी/सार्वजनिक क्षेत्र/सरकारी संगठन के वित्त एवं लेखा विभाग में न्यूनतम 2 वर्ष का कार्य अनुभव।<br>- अनुदान प्रबंधन एवं खरीद में व्यावहारिक अनुभव रखने वालों को वरीयता दी जाएगी।<br>**आयु सीमा :** रिक्ति की अंतिम तिथि को अधिकतम 30 वर्ष। |